लगभग 1 करोड़ रुपए का भुगतान करती रही है ;

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में अब तक कोल इंडिया लि० द्वारा विश्व बैंक को कुल कितनी धनराशि दी जा चुकी है ; और

(घ) संबंधित परियोजना को व्यवस्थित रूप में लागू न किए जाने के क्या कारण हैं ?

कोयला मंत्रालय में उप मंत्री (श्री एस०बी० न्यामगोडा) : (क) से (घ) इस खबर का संबंध ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि० की सोनपुर बाजारी ओपनकास्ट परियोजना से है । कोयला खनन तथा गुणवत्ता सुधार परियोजना के लिए ऋण करार की शर्तों के अंतर्गत जिनका कि सोनपुर बाजारी भी एक अंश है, अभी तक विश्व बैंक को वचनबद्धता प्रभारों के रूप में 7.3० करोड रु० की राशि अदा की गई है । सोनपुर बाजारी परियोजना में विलंब भूमि अधिग्रहण की समस्याओं और पुनर्वास से सम्बंध समस्याओं के कारण हुआ है ।

कोल इंडिया लि. द्वारा दो नई कोयला धोवनशालाओं की स्थापना

1234. **श्री राम जेठमलानी :**
डा० जितेन्द्र कुमार जेना :

क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कोल इंडिया लि० देश में अधिक मात्रा में कोयला उपलब्ध कराने के लिए दो कोयला धोवनशालाएं (वाशरीज) स्थापित करने पर विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो इन कोयला धोवनशालाओं को किन-किन स्थानों पर लगाए जाने की संभावना है तथा उनकी कुल उत्पादन क्षमता कितनी होगी ; और

(ग) इनको स्थापित किए जाने के बाद इन कोयला धोवनशालाओं में कब से उत्पादन आरंभ होने की संभावना है ?

कोयला मंत्रालय में उप मंत्री (श्री एस. बी. न्यमेगौड़ा): (क) से (ग) दादरी और यमुनानगर ताप विद्युत गृहों को अकोकर कोयले की आपूर्ति किए जाने के लिए सेंट्रल कोलफील्ड्स लि० के पिपरवार स्थल पर एक पिट-हैड कोयला परिष्कृत संयंत्र निर्माणाधीन है । पिपरवार एकीकृत खान-एवं परिष्कृत संयंत्र द्वारा कच्चे कोयले का उत्पादन 6.5 मि०ट० प्रतिवर्ष और साफ कोयले का उत्पादन 5.52 मि०ट० प्रतिवर्ष किया जाएगा । ऐसा ही एक अन्य समेकित खान एवं परिष्कृत संयंत्र का तलचर कोलफील्ड्स, उड़ीसा में कलिंगा पर स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है । इस परियोजना को 8 मिलियन टन कच्चे कोयले के वार्षिक उत्पादन और 5.92 मि०ट० प्रतिवर्ष के परिष्कृत कोयला उत्पादन के लिए तैयार किया जा रहा है । आठवीं योजना अवधि के दौरान ही इन दोनों परियोजनाओं से परिष्कृत कोयला उपलब्ध हो जाने की संभावना है ।

Requirement of coal for power Stations in Orissa

2315. **SHRI SANTOSH KUMAR SAHU**: Will the Minister of COAL be pleased to state:

(a) what is total requirement of coal for power stations in Orissa and the quantity actually supplied to the power stations;

(b) whether any power station in Orissa has been shut down for want of coal or have to curtail power generation for want of adequate linkage of coal; and

(c) if so, the details thereof and the steps Government propose to take to supply adequate linkage of coal to boost power generation in the state?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COAL (SHRI S. B. NYAMAGOUDA): (a) to (c) There is only one coal based Thermal Power Station in Orissa at Talcher. This Power Station received coal to the